अज अदालत सहायक कलक्टर (उपखण्ड अधिकारी), शिवगंज (सिरोही)
बइजलास भागीरथ राम आर.ए.एस.

प्रार्थी
राजस्थान सरकार जरिए
तहसीलदार शिवगंज
(भूमिधारी)

बनाम

अप्रार्थीगण
मनोहरसिंह व अन्य

प्रार्थना–पत्र संख्या : 96/2021
निर्णय दिनांक : 17–01–2022

–::आदेश::–

प्रार्थना–पत्र अन्तर्गत धारा 130, 131, 136 भू–राजस्व अधिनियम सपठित नियम 59, 60, 66, 86 भू–अभिलेख नियम 1970

भूमिधारी तहसीलदार शिवगंज द्वारा 22–12–2021 को प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर ग्राम तलेटा तहसील शिवगंज के खसरा संख्या 323, 324, 325, 326, 327, 328, 349, 350, 353, 360, 361, 362, 363, 369, 372, 380 में से निकल रहे बारहमासी रास्ते को राजस्व रेकर्ड में दर्ज करने का निवेदन किया हैं । प्रस्तुत प्रार्थना–पत्र में खसरा नम्बर 323, 324, 325, 326, 327, 328, 349, 350, 353, 360, 361, 362, 363, 369, 372, 380 खातेदारी भूमि होने से संबंधित खातेदारान् को सुनवाई हेतु नोटिस उपतहसील कैलाशनगर के नोटिस बोर्ड पर चस्पा करवाया गया। दिनांक 11.01.2022 को उपतहसील कार्यालय कैलाशनगर में बाद दोपहर सुनवाई रखी गई । सुनवाई के दौरान उपस्थित अप्रार्थीगणों के पत्रावली पर हस्ताक्षर लिये गये। उपस्थित अप्राथीगणों के द्वारा सभी खातेदारों के अपनी जोत तक पहुंच मार्ग को तहसीलदार शिवगंज के प्रस्ताव अनुसार अपनी सहमति प्रकट की गई।

प्रार्थी भूमिधारी तहसीलदार शिवगंज द्वारा प्रस्तुत प्रार्थनापत्र पर गौर किया गया। ग्राम तलेटा के कतिपय खातेदारों को उक्त रास्ते की आवश्यकता हैं एवं सुनवाई के दौरान उपस्थित होने वाले अप्रार्थीगणों के द्वारा प्रार्थना पत्र के पक्ष में सहमति प्रकट की। संलग्न परिशिष्ट में अंकित भूमि को रास्ता दर्ज किया जाना जनहित में होने से ग्राम तलेटा के खसरा नम्बर 323, 324, 325, 326, 327, 328, 349, 350, 353, 360, 361, 362, 363, 369, 372, 380 में से प्राप्त प्रस्ताव अनुसार संबंधित खातेदारों की खातेदारी भूमि में से कम कर संलग्न परिशिष्ट में अंकित रकबा बिलानाम गै.मु.रास्ता राजस्व रेकर्ड में दर्ज करने के तहसीलदार शिवगंज को आदेश दिये जाते हैं। उक्त रास्ते के बीच में पडने वाले प्राकृतिक बहाव क्षैत्र/जलग्रहण क्षैत्र को किसी प्रकार से बाधित नहीं किया जावे। तथा रास्ते के निर्माण से पूर्व जल संसाधन विभाग से पूर्वानुमति/अनापत्ति प्राप्त कर निर्माण या बांध कार्य किया जावे।

यह निर्णय आज दिनांक 17–01–2022 को सरे ईजलास सुनाया गया ।

Signature Not Verified
Digitally signed by Bhagirath Ram
Date: 2022.02.03 15:41:19 IST
Reason: SelfAttested

(भागीरथ राम)
आर.ए.एस.
सहायक कलक्टर
(उपखण्ड अधिकारी), शिवगंज

क्रमांक 31
17/1/2022

प्रतिलिपिः–
तहसीलदार शिवगंज/उपतहसीलदार कैलाशनगर